प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 17.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज जयपुर दौरा– 46 हजार तीन सौ करोड़ रूपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।
- राज्य में 499 नए पशु चिकित्सा उप केंद्र खोले जायेंगे–998 नए पदों पर भर्ती की जायेगी।
- जैसलमेर में 21 दिसंबर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक को लेकर तैयारियां जोरो पर हैं।
- राज्य में कडाके की ठण्ड और शीतलहर का दौर जारी है–फतेहपुर में 6 दिनों से तापमान माईनस में दर्ज किया गया है।

.....................

प्रदेश की मौजूदा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जयपुर के पास दादिया गांव में आयोजित समारोह में शिरकत करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर 'एक वर्ष–परिणाम उत्कर्ष' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और पानी से जुड़ी 46 हज़ार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में श्री मोदी 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें 7 केंद्र सरकार की और 2 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा वे 35 हज़ार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिनमें 9 केंद्र सरकार की और 6 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा, उनमें नवनेरा बैराज, स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन नेटवर्क और एसेट मैनेजमेंट सिस्टम परियोजनाएं,

भीलड़ी–समदड़ी–लूनी–जोधपुर–मेड़ता रोड–डेगाना–रतनगढ़ खंड का रेलवे विद्युतीकरण और दिल्ली–वडोदरा ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट एनएच–148 एन परियोजना के पैकेज 12 सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन योजनाओं से प्रदेशवासियों को काफी सुविधा होगी। प्रधानमंत्री सरकारी कार्यालय भवनों पर छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने, बीकानेर के पूगल में 2000 मेगावाट के एक सौर पार्क तथा धौलपुर के सैपऊ से भरतपुर–डीग–कुम्हेर–नगर–कामाण और पहाड़ी तथा चंबल–धौलपुर–भरतपुर तक पेयजल पारेषण लाइन के रेट्रोफिटिंग कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। लूनी–समदड़ी–भीलड़ी डबल लाइन, अजमेर–चंदेरिया डबल लाइन और जयपुर–सवाई माधोपुर डबल लाइन रेलवे परियोजना के साथ–साथ ऊर्जा से संबंधित अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि जयपुर–सवाई माधोपुर डबल लाइन होने से लम्बी दूरी की यात्राओं में समय की बचत होगी। इसके साथ ही रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होगा।

....................

प्रधानमंत्री 9 हज़ार 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से रामगढ़ बैराज और महलपुर बैराज के निर्माण कार्य और नवनेरा बैराज से चंबल नदी पर एक्वाडक्ट के माध्यम से बीसलपुर बांध और इसरदा बांध तक पानी पहुंचाने की योजना की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेश को कई तरह की सौगात देंगे।

....................

आज शहर में सांगनेर सहित अन्य स्थानों पर यातायात की विशेष व्यवस्था रहेगी। प्रधानमंत्री की जनसभा में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से भी बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना के मद्दे नजर व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

....................

राज्य में 499 नए पशु चिकित्सा उप केंद्र खोले जायेंगे। राज्य सरकार ने इन केंद्रों के संचालन के लिए 998 नए पदों की भी मंजूरी दे दी है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि पशुपालकों को खुशहाल बनाने के लिए पशुओं की चिकित्सा सेवा को मजबूत करना आवश्यक है। नए उप केंद्रों से पशुपालकों को अपने गांव में ही समस्याओं का निदान मिल सकेगा। साथ ही पशुओं के टीकाकरण और अन्य समस्याओं का इलाज भी समय पर हो सकेगा। इन उप केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों और फर्नीचर के लिए 30—30 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है।

....................

जैसलमेर में 21 दिसंबर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक की तैयारियां जोरों पर हैं। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, सभी राज्यों के वित मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। बैठक के दौरान, जीएसटी दरों में बदलाव के प्रस्तावों सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन ने बैठक की तैयारियों के लिए जिला स्तर पर समितियों का गठन किया है।

....................

प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू किये गये आयुष्मान आरोग्य शिविरों के प्रति लोगों का बड़ा रूझान देखने को मिल रहा है। इन शिविरों में बडी संख्या में लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने पहुंच रहे हैं। आज करौली जिले के 6 स्थानों पर शिविर लगाए गए है। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, सभी प्रकार के संचारी और गैर संचारी रोगों की जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। वहीं हमारे दौसा संवाददाता ने बताया कि डेढ़ महीने तक चलने वाले इन शिविरों में विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच की जा रही है।

....................

राज्य में कडाके ठण्ड और शीतलहर का दौर बना हुआ है। पिछले 6 दिनों से फतेहपुर में रात का तापमान माईनस में दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के 14 शहरों में पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। पाली और करौली में तेज ठण्ड से जनजीवन प्रभावित है। जैसलमेर में सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढा दी है। केकडी में तापमान में गिरावट से सर्दी का असर बढ गया है। लोग ठण्ड से बचने के उपाय करते नजर आ रहे है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि सर्दी का असर तेज होने से लोगों की दिनचर्या में बदलाव दिखाई दे रहा है।

.....................

इस बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में राज्य के कई इलाकों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अलवर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू और हनुमानगढ़ में कडाके की ठण्ड पडने के आसार व्यक्त किये है।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

.....................